12/11/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाइक ने आज तवाङ स्थित फेस्टिवल कम मल्टीपर्पज ग्राउंड में पांच दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव किसी भी समाज की पहचान, इतिहास और सामूहिक ज्ञान के जीवंत प्रतीक होते हैं। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगा। इसके साथ ही स्थानीय कारीगरों एवं कलाकारों के लिए नए अवसर भी सृजित होंगे। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के प्रयास विकसित भारत दो हज़ार सैतालीस के संकल्प को साकार करने में भी योगदान देते हैं। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सचिव समर नंदा तथा दीमापुर स्थित नॉर्थ ईस्ट जोन कल्चरल सेंटर के निदेशक आलोबो नागा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में अरुणाचल प्रदेश सरकार और अन्य सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव आगामी सोलह नवंबर तक जारी रहेंगे।

0000000000000000000000000

चाङलाङ जिले के जयरामपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार दो हज़ार पच्चीस-छब्बीस के तहत अरुणाचल प्रदेश का पहला स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित दसवें स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार प्रदान किया। इस उपलब्धि पर जयरामपुर के लोगों को बधाई देते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक ख़िताब तक सीमित नहीं है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी, जिम्मेदार नागरिक व्यवहार और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण की दिशा में निरंतर किए गए प्रयासों के महत्व को दर्शाती है।

0000000000000000000000000

कुरुङ कुमे जिले के पारसी-पारलो सर्किल में आज सुबह भीषण आग लगने से बड़े पैमाने पर आवासीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है और कई परिवार बेघर हो गए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, कुरुङ कुमे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग में उन्नीस मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए, जबकि पांच अन्य मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। प्रारंभिक रिपोर्ट में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु की भी पुष्टि हुई है। हालांकि, आग लगने के सटीक कारण और मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटना की विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

इस बीच, आग से प्रभावित परिवारों के बीच वितरण के लिए राहत सामग्री पहुनचाई जा रही है। जिला प्रशासन और आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्य जारी रखने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि जनहानि की खबरों ने इस त्रासदी को और भी दुखद बनाया है। उन्होंने इस कठिन परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए स्थानीय प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन सेवा, आपातकालीन बचाव दलों, स्वयंसेवकों और स्थानीय निवासियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से प्रभावित परिवारों को हरसंभव आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000000

ईस्ट कामेङ जिले के सेप्पा में आठवें इंडिजिनस फेथ यूथ फेस्टिवल में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज घोषणा की है कि इंडिजिनस फेथ यूथ फेस्टिवल अब तीन साल में एक बार के बजाय हर दो साल में आयोजित किया जाएगा, और अगला संसकरण दो हज़रा अट्ठाइस में आयोजित होगा। उन्होंने इस साल से कामेङ रिवर फेस्टिवल को फिर से शुरू करने की भी घोषणा की, जिसे राज्य सरकार से वित्तिय सहायता प्राप्त होगी, ताकि ईस्ट कामेङ के पर्यटन क्षमता को

बढ़ावा देने के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को प्रदरर्षित किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन इंडिजिनस फेथ एंड कल्चरल सोसाइटी ऑफ अरुणाचल प्रदेश - IFCSAP द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राज्य भर से एक हज़ार से अधिक प्रतिनिधियों हिस्सा ले रहे हैं।

0000000000000000000000000

भगवान शाक्यमुनि बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन एवं आशीष के लिए अब तक राज्य भर के करीब पचास हजार श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनी के दूसरे सप्ताह में प्रवेश करने के साथ ही यह अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन और आशीष का अवसर प्रदान कर रही है। पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी वेस्ट कामेङ जिले के बोमदिला स्थित थुबचोग गात्सेल लिंग - TGL मठ में कल तक जारी रहेगी। इसके बाद आगामी चौदह से बीस नवंबर तक नामसाई स्थित गोल्डन पगोडा में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु अवशेष रखे जाएंगे।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के उद्योग विभाग की ओर से ईटानगर में Raising and Accelerating MSME Performance - RAMP कार्यक्रम के तहत उद्यम मित्रों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वस्तु एवं सेवा कर - GST, वैधानिक अनुपालन, परियोजना

रिपोर्ट तैयार करने, बहीखाता प्रबंधन तथा अकाउंटिंग प्रक्रियाओं से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों - MSME's और जमीनी स्तर पर कार्यरत उद्यमियों को बेहतर सहायता प्रदान करना है।

0000000000000000000000000